चित्रकूट के विकास को मिलेगी नई रफ्तार, 6-लेन बनेगा लिंक एक्सप्रेस वे

15 .172 किमी लंबे प्रवेश नियंत्रित ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे की संशोधित लागत1,008 .67 करोड़

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 16 सितम्बर। जनपद चित्रकूट के विकास और बेहतर कनेक्टिविटी की दिशा में बड़ी पहल सामने आई है। 15.172 किलोमीटर लंबे प्रवेश नियंत्रित ग्रीनफील्ड चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे को अब 04-लेन के स्थान पर 06-लेन विन्यास में विकसित किए जाने का प्रस्ताव है। परियोजना की संशोधित लागत 1,008.67 करोड़ निर्धारित की गई है, जिसे व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है।

पूर्व में यह परियोजना 939.67 करोड़ की लागत से 04-लेन, भविष्य में 06-लेन विस्तारणीय विन्यास में स्वीकृत थी। नवीनतम आईआरसी मानकों एवं निर्धारित विशिष्टियों के अनुरूप परियोजना में संशोधन करते हुए इसे प्रारंभ से ही 06-लेन स्वरूप में विकसित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

24 माह में निर्माण पूरा करने का प्रस्ताव-परियोजना का निर्माण ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन) मोड पर कराया जाएगा। इसके लिए निर्माण अवधि 24 माह प्रस्तावित की गई है। खास बात यह है कि 06-लेन के लिए परियोजना में संशोधन किए जाने के बावजूद पूर्व में क्रय की जा चुकी भूमि के क्षेत्रफल में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने

बताया कि लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण से जनपद की सड़क कनेक्टिविटी को मजबूती मिलने के साथ ही आवागमन अधिक सुगम और सुरक्षित होने की उम्मीद है। धार्मिक एवं पर्यटन नगरी चित्रकूट में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही स्थानीय व्यापार, निवेश, रोजगार तथा आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलने की संभावना है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने कहा कि चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे जनपद की कनेक्टिविटी और विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण परियोजना है। 06-लेन विन्यास में परियोजना के विकसित होने से भविष्य की यातायात आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। इससे चित्रकूट के पर्यटन, व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को भी लाभ मिलेगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि परियोजना की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के लिए अग्रेत्तर कार्यवाही प्रचलित है। स्वीकृतियों की प्रक्रिया पूरी होने के बाद परियोजना को धरातल पर उतारने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई आगे बढ़ाई जाएगी।

खास बातें

लंबाई- 15 .172 किमी
स्वरूप- प्रवेश नियंत्रित ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे
नया विन्यास 06-लेन
संशोधित लागत 1,008 .67 करोड़
पूर्व स्वीकृत लागत 939 .67 करोड़
प्रस्तावित निर्माण अवधि -24 माह
भूमि- पूर्व में क्रय भूमि में कोई बदलाव नहीं

पीड़ित और जरूरतमंद लोगों की सेवा ही सच्ची मानवता है : प्रभाकर सिंह

रामपुर स्वास्थ्य केंद्र में फल वितरण और रक्तदान शिविर का आयोजन

नवभारत न्यूज

रामपुर बाघेलान 16 सितम्बर। वरिष्ठ भाजपा नेता क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रभाकर सिंह की 80 वें जन्मदिन एवं सेवानिवृत्ति संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन स्व. सुधाकर सिंह की 71 वीं जयंती की स्मृति में रोहित कांत सिंह द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों एवं उनके परिवार जनों को फल वितरण करके रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों ने रक्तदान किया ।

रक्तदान कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रभाकर सिंह ने कहा कि पीड़ित एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा ही सच्ची मानवता है। क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रीवा शहडोल संभाग डॉक्टर जीएस परिहार ने स्वर्गीय सुधाकर सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपनी प्रशासनिक दक्षता अनुशासन से अपने दायित्वों का निर्वहन किया । डॉ श्री परिहार ने लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक किया जिसमें रोहित कांत सिंह, परीक्षित पाठक, डॉक्टर मणिराज सिंह ,अभिलाष सिंह ,मदन गुप्ता ,अरुणेश सिंह, विनय सिंह ,रविराज सिंह ,शिवेंद्र सिंह, नितिन सिंह, पुष्पेंद्र पांडे ,महेंद्र सोनी ,राहुल चौरसिया, मोहम्मद जावेद, अजय कोरी ,प्रदीप सोनी ,बेगम रुबीना बानो ,अभिनय सिंह , रवि साहू ,अरमान सौदागर ने रक्तदान किया इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष रामपाल सिंह परिहार बीएमओ डॉक्टर राघवेंद्र गुर्जर जय नारायण सिंह डॉ पंकज सिंह परिहार संजय मिश्रा शैलेश पांडे संदीप सिंह परिहार के के कुशवाहा रामकृष्ण मिश्रा निखिल सिंह तिवारी अखंड प्रताप सिंह दीपू सिंह नवदुर्गा गुप्ता गंगा तिवारी ,मो करीम ,के के कुशवाहा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

हनुमान सागर में लीकेज से ग्रामीणो में दहशत

नवभारत न्यूज

उचेहरा सतना 16 सितम्बर। जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बांधी मौहार का पुराना हनुमान सागर (रानिहा तालाब) का गेट वाल लीकेज हो जाने से अचानक तालाब के उस पार पानी का बहाव तेज हो गया।

जैसे ही इसकी जानकारी लगी ग्रामीण जन मौके पर पहुंच गए और घटना की जानकारी लगते ही राजस्व अमले के अधिकारी भी मौके पर पहुंच हालात का जायजा ले आवस्यक दिशा निर्देश दिए उसी के चलते कुछ घण्टो में ग्रामीणो और ग्राम पंचायत के सहयोग से जे सी बी के माध्यम से तालाब में हो रही जल निकासी को

रोकने में सफल हुए तक कही जा कर ग्रमीणों और प्रशासन की जान में जान आई । अचानक हुई जल निकासी से कई खेतों में जल भराव की स्थित बनने लगी थी और ग्रामीण जन भी दहशत के माहौल में हो रहे थे गनीमत रही कि समय रहते जल निकासी पर काबू पा लिया गया,पुराना तालाब होने के कारण ग्रामीणों के लिए यह तालाब जलस्रोत का महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता है।

पांच दिनों से बिजली गुल, ग्रामवासी अंधेरे में रहने को मजबूर

रामनगर खोखला का मामला, शुद्ध पेयजल की भारी किल्लत

नवभारत न्यूज

बरौंधा 16 सितम्बर३। ग्राम पंचायत मलगौसा के ग्राम रामनगर खोखला गांव में 5 दिनों से लाइट न होने के कारण ग्रामवासी अंधेरे में रहने को मजबूर हैं तो वहीं दूसरी ओर लोगों को स्वच्छ पेयजल की भी भारी किल्लत है।

उक्ताशय के सम्बन्ध में ग्रामीणों ने बताया कि सांड़ा गांव के पास की मेन लाइन से गांव के लिए बिजली आती है , जहां डीपी से 1जम्फर कटा होने के कारण पांच दिनों से गांव में लाइट नहीं आई है। लाइट न आने के कारण ग्रामीणों को अंधेरे में रात

काटनी पड़ रही है तो वहीं लोगों के सामने स्वच्छ पेयजल का भी भारी संकट खड़ा हो गया है , गांव में 150 परिवारों को पेयजल की आपूर्ति करने वाला इकलौता सबमर्सिबल पंप बिजली के आभाव में पांच दिनों से बंद पड़ा है। ऐसी स्थिति में लोगों को झरने का पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है।

बरसात का प्रदूषित पानी पीने से गांव में सर्दी, जुखाम, खांसी, जैसी संक्रामक बीमारी के भी दर्जनो मरीज हैं, साथ ही मच्छरों के प्रकोप से मलेरिया एवं प्रदूषित पानी पीने से डायरिया जैसी बीमारियों के भी फैलने की संभावना है। लोगों के अंधेरे में रहने के कारण विषैले जीव जन्तुओं का भी खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने इस संबंध में जेई साहब से भी लाइट सही कराए जाने की भी बात की है, किन्तु अभी तक संतोष जनक जवाब नही मिला।

भारी बारिश और बाढ़ से खरीफ की फसलें बर्बाद किसानों को मिले मुआवजा : सीमा बागरी

नवभारत न्यूज

कोठी 16 सितम्बर। जिले में भारी बारिश एवं बाढ़ के कारण किसानों की खरीफ फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। खेतों में पानी भरने और बाढ़ की स्थिति के चलते उड़द, तिल, सोयाबीन, धान सहित अन्य फसलें खराब हो गई हैं। इससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

जनपद सदस्य सीमा बागरी ने सरकार एवं प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल फसलों का सर्वे कराया जाए और वास्तविक नुकसान का आकलन कर किसानों को शत-प्रतिशत मुआवजा प्रदान किया जाए। सीमा बागरी ने कहा कि किसानों ने मेहनत और पूंजी लगाकर फसल तैयार की थी, लेकिन प्राकृतिक आपदा ने उनकी पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया। ऐसे समय में किसानों को सरकारी सहायता की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि राजस्व, कृषि एवं संबंधित विभागों की संयुक्त टीम बनाकर गांव-गांव सर्वे कराया जाए, ताकि कोई भी प्रभावित किसान मुआवजे से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि सर्वे की प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध हो तथा पात्र किसानों को जल्द से जल्द राहत राशि उपलब्ध कराई जाए। साथ ही जिन किसानों की फसल पूरी तरह नष्ट हुई है।

शासकीय हाई स्कूल प्रतापपुर में हुआ बाल कैबिनेट का निर्वाचन

नवभारत न्यूज

बिरसिंहपुर 16 सितम्बर । जिले के बिरसिंहपुर तहसील क्षेत्र के हाई स्कूल प्रतापपुर में हुए बाल कैबिनेट के प्रधानमंत्री एवं क्लास मॉनीटर के निर्वाचन में इस वर्ष के मतदाता बहुत ही ऐतिहासिक निर्णायक मत देते हुए प्रचार प्रसार के वक्त प्रधानमंत्री की विजेता प्रत्याशी राशी गौतम रही जबकि विगत दिनो राशि गौतम एक हफ्ते तक हॉस्पिटल में भर्ती रही है ।

केवल वोटिंग के दिन विद्यालय में वह उपस्थित हुई उसके बाद भी अपने निकटम प्रतिद्वंदी से 6 वोटों से विजयी रहीं। इस वर्ष प्रधानमंत्री के निर्वाचन में पुरुष मतदाता 82त्न महिला मतदाता 85त्न के साथ कुल 83.3त्नमतदान हुआ। इस वर्ष 150 मतदाता थे जिसमें कुल 125 मत पड़े। प्रधानमंत्री के कुल चार प्रत्याशी थे जिनमें राशी गौतम चुनाव चिन्ह गिलास को 45 वोट पाकर विजेता रही भास्कर रावत चुनाव चिन्ह पतंग को 14 वोट अनामिका त्रिपाठी चुनाव चिन्ह बस को 17वोट और दिव्यांशु गर्ग चुनाव चिन्ह हैंडपंप को 39वोट मिले जिसमें राशी गौतम अपने निकटम प्रतिद्वंदी से 6 वोटों से विजयी हुईं और बाल कैबिनेट के प्रधानमंत्री निर्वाचित हुई वहीं 39 मतों के साथ दूसरे स्थान में रहने वाले दिव्यांशु गर्ग को उप

प्रधानमंत्री बनाया गया क्लास मॉनीटर के निर्वाचन में कक्षा 9वीं सेक्शन से हरिकृष्ण यादव सेक्शन क से साधना सिंह कक्षा 10वीं सेक्शन से रावेंद्र रावत और सेक्शन क से अर्चना सिंह विजेता रही इस निर्वाचन को सफल बनाने के लिए विद्यालय परिवार की सर्वसम्मति से जिला पंचायत सतना के वार्ड क्रमांक 26 के प्रत्याशी रितेश त्रिपाठी को क्क प्रसायडिंग ऑफिसर क्षेत्र के व पत्रकार बद्री पाठक को क्क ग्राम बरौ के व्यौहर बाबा ब्रजेश मिश्रा को क्क2 शीतल द्विवेदी को क्क3 और सुग्रीव बुनकर को क्क4 का दायित्व सौंपा गया था इस विद्यालय में विगत चार वर्षों से ओरिजनल वैलेट पेपर से ठप्पा लगाकर मतदाताओं के अंगुली में अमिट स्याही लगाई जाती है निर्वाचन की सारी प्रोसेस बच्चों को बताई जाती है इस वर्ष प्रधानमंत्री के मतपत्र का रंग आसमानी कक्षा 9वीं सेक्शन का हरा सेक्शन क का पीला कक्षा 10वीं सेक्शन का लाल और सेक्शन क का गुलाबी रंग बनाया गया था विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार रावत ने बताया कि वैलेट पेपर को मैं अपने मोबाइल से डिजाइन करके केवल रंगीन पेपर बाजार से खरीद कर विद्यालय में फोटोकॉपी कर लेता हूं इसमें लगभग चार पांच सौ रुपए का खर्चा आता है परिणाम घोषणा के बाद विजयी प्रत्याशियों को नेमप्लेट बैच मुख्य अतिथि महोदय के द्वारा प्रदान किया गया। विद्यालय की तरफ से जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलवाने के लिए मुख्य अतिथि से आग्रह किया गया। इस चुनाव को सफल बनाने में विद्यालय में पदस्थ शिक्षक हरिहर प्रसाद द्विवेदी,राधे रमण पाण्डेय,मनीष पाठक, शिवम् सिंह,कमलेश मिश्रा एवं मीनू तिवारी शिवकुमार सिंह का बहुत अच्छा सहयोग इस प्रकार से प्रतापपुर हाई स्कूल में बाल कैबिनेट निर्वाचन का बहुत ही शानदार सराहनीय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।

नाली सफाई ना होने से घरों में घुसा बारिश का पानी

नादन शिव प्रसाद पंचायत के तलहान टोला का मामला

नवभारत न्यूज

नादन (मैहर) 16 सितम्बर । अधिकारी आए तो हाथ जोड़कर साहब, नाली आज ही साफ करवा देंगे' अधिकारी गए तो शायद नाली भी गई और जिम्मेदारी भी !

क्योंकि तलहान टोला में नाली साफ न होने का नतीजा अब लोगों के घरों में पानी बनकर घुस रहा है। और हाल ये है कि किसी किसी का खाने-पीने का राशन तक खराब हो गया !

नादन शिव प्रसाद पंचायत के तलहान टोला में नाली सफाई की खबरें पहले भी सामने आ चुकी हैं, लेकिन लगता है जिम्मेदारों के कानों तक खबर पहुंचती है असर

नहीं ! आज बारिश के बाद नाली का गंदा पानी लोगों के घरों में भर गया।

लोग परेशान हैं, सामान खराब हो रहा है और जिम्मेदारी तय करने वाला कोई नजर नहीं आ रहा। सवाल सीधा सरपंच और सचिव से—जब नाली सफाई की खबर पहले भी चली थी, तो समय रहते सफाई क्यों नहीं कराई गई? और अधिकारियों के सामने हाथ जोड़कर किए गए वादों का क्या हुआ?अधिकारी के सामने 'कर देंगे' और उनके जाते ही 'देखेंगे'—क्या पंचायत इसी तरीके से चलेगी? आज तलहान टोला के लोगों के घर में पानी है कल अगर बीमारी फैली तो उसकी जवाबदेही आखिर किसकी होगी?

धमाके में डेटोनेटर जैसे विस्फोटक के संकेत मिले

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 16 सितंबर जनपद चित्रकूट के पहाड़ी थाना क्षेत्र के अशोह गांव में 12 सितंबर को हुए विस्फेट की जांच अब कई स्तरों पर चल रही है प्रयागराज से पहुंची बम निरोधक दस्ता ;बीडीएसद्ध की टीम की शुरुआती जांच में विस्फेट डेटोनेटर जैसे विस्फेटक से होने की आशंका जताई गई है ।

मौके से इलेक्ट्रिक इग्निशन से जुड़ी प्लेट अलग.अलग रंगों के तार और जली हुई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के अवशेष मिले हैंपुलिस ने शुरुआती जानकारी एनआईए कार्यालय को भी भेजी है। हालांकिए विस्फेट में आरडीएक्स एचएमएक्स याकिसी अन्य पदार्थ का इस्तेमाल हुआ था या नहीं इसकी पुष्टि फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही होगीखाली प्लाट में हुआ था जोरदार धमाका 3 फीट गहरा गड्ढा मिलाअशोह गांव के बाहर लोहदा निवासी भाजपा नेता जगदीश गौतम के खाली प्लाट में शनिवार शाम जोरदार धमाका हुआ था। धमाके की आवाज करीब तीन किलोमीटर दूर तक सुनाई दी थी। घटनास्थल पर करीब तीन फीट गहरा गड्ढा मिला। इसके अलावा जले हुए कपड़े चटाई और मानव अवशेष भी बरामद हुए थे सोमवार को जांच के दौरान एक पैर प्लाट के अंदर मिला जबकि दूसरा पैर करीब 200 मीटर दूर कर्वी.राजापुर हाईवे के पास बरामद हुआ। मंगलवार को पुलिस एसओजी और फील्ड यूनिट ने दोबारा घटनास्थल की जांच की। इस दौरानफील्ड यूनिट ने दोबारा घटनास्थल की जांच की। इस दौरान हड्डियों के कुछ टुकड़े भी मिले। अभी तक मृतक के दोनों पैर ही बरामद हुए हैं। बाकी शरीर का पता नहीं चल सका है।चरवाहे ने भेजी थी जले पैर की फेटो फिर सामने आया मामलाविस्फेट के अगले दिन एक चरवाहे ने खेत के पास जले.कटे पैर की फेटो भेजी थी। इसके बाद प्लाट के केयरटेकर श्यामसुंदर के जरिए सूचना आगे पहुंची। रात करीब साढ़े 8 बजे जगदीश गौतम ने पहाड़ी थाने और एसपी को इसकी जानकारी दी पुलिस का मानना है कि कोई व्यक्ति प्लाट में विस्फेटक की हैंडलिंग कर रहा था। इसी दौरान विस्फेट हुआ पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि प्लाट में विस्फेटक किस उद्देश्य से लाया गया था।

एक नजर में

गणेश उत्सव पर विद्यार्थियों ने किया पूजा-अर्चना

अमदरा । मां दुर्गा शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी विद्यालय घुनवारा के गणेश उत्सव के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विधि-विधान से भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना की। विद्यार्थियों ने भगवान गणेश से विद्यालय में सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के साथ सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पूजा-अर्चना के दौरान विद्यार्थियों ने श्रद्धापूर्वक भगवान गणेश का पूजन कर शिक्षा के क्षेत्र में सफलता एवं ज्ञान की प्राप्ति के लिए प्रार्थना की। विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आया। संजय शुक्ला संचालक ने विद्यार्थियों को गणेश उत्सव के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व की जानकारी देते हुए सदैव मेहनत, अनुशासन और संस्कारों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

पुष्पराज कुशवाहा बने जिला सह संयोजक

रामपुर बाघेलान । भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय की सहमति से भाजयुमो जिलाध्यक्ष एडवोकेट यश यादव ने पुष्पराज कुशवाहा को जन - जल सेवा संकल्प यात्रा का सतना जिला सह संयोजक नियुक्त किया है।

एडीएम श्री राय ने समयावधि पत्रों की समीक्षा की

मैहर। एडीएम श्री राय ने मंगलवार को समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों में लंबित समयावधि पत्रों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गई। एडीएम श्री राय ने योजना के अंतर्गत शेष कार्यों को निर्धारित समय .सीमा में पूर्ण करने तथा पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक दिशा .निर्देश दिए। बैठक में एडीएम श्री राय ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण का समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। एडीएम श्री राय ने बैठक में सभी अनुविभागीय और सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को विद्यार्थियों के छात्रावासों और विद्यालयों का समय .समय पर निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि कोई भी समस्या आने पर संबंधित अनुविभागीय अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। एडीएम श्री राय ने जिले में सेवा संकल्प अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा .निर्देश दिए।

हिन्दी दिवस पर सृजन नागौद के वार्षिकोत्सव में बही काव्य धारा

नवभारत न्यूज

नागौद 16 सितम्बूर। । 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के अवसर पर साहित्यिक संस्था सृजन द्वारा वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ख्यातिलब्ध साहित्यकार एवं गीतकार डॉ.राम गरीब पाण्डेय विकल सीधी रहे।

जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार रामलाल सिंह परिहार ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में देश के चर्चित कवि एवं शायर सूरज राय सूरज उपस्थित रहे। कार्यक्रम होटल उमा विलास सिंहपुर रोड नागौद में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन अरुण कुमार सिंह ने किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ पूजन-अर्चन के पश्चात् श्रीमती निर्मला सिंह की वाणी वन्दना से किया गया। अतिथियों के सम्मान के पश्चात् सृजन संस्था के वरिष्ठ सदस्य एवं बुन्देली कवि राजेंद्र सिंह परमार एवं डॉ. उमाकान्त गर्ग का साल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सृजन के संयोजक अजीत सिंह कुँवर ने स्वागत गीत एवं सचिव अरुण कुमार सिंह ने सृजन का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कालिका प्रसाद त्रिपाठी द्वारा अतिथियों का काव्यमय परिचय प्रस्तुत किया गया।

प्रमुख वक्ता डॉ. विकल जी ने राजभाषा हिन्दी की वर्तमान दशा

एवं दिशा पर अपना व्याख्यान देते हुए संपूर्ण विश्व में हिन्दी के हो रहे विस्तार पर सन्तोष व्यक्त करते हुए हिन्दी के समग्र विकास हेतु हिन्दी की सभी बोलियों के विकास पर ध्यान देने का आग्रह किया। आपने बघेली बोली में भी लेखन करने एवं हिन्दी की शुद्ध वर्तनी के प्रयोग पर भी जोर दिया।

व्याख्यान के पश्चात काव्य संध्या के संचालक बालेन्दु प्रभाकर मिश्र ने जैसे ही सूरज राय सूरज को काव्य पाठ हेतु आमन्त्रित किया, समूचा हाल ताड़ियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा। सूरज जी के संवेदनायुक्त मुक्तकों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। उनका सर्वाधिक चर्चित मुक्तक-

चेहरों पर मुस्कान दिलों पर लेकर खाई बैठे हैं। घर में पहली बार इकट्ठे सारे भाई बैठे हैं।। को सुनकर दर्शक आत्म चिन्तन करने पर विवश हो गए। डॉक्टर विकल जी ने भी अपने छन्दों, गीतों एवं गजलों के द्वारा सभी का मन मोहा। कार्यक्रम के अध्यक्ष रामलाल सिंह परिहार ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कई सामयिक दोहे प्रस्तुत किए। उनका सर्वाधिक चर्चित दोहा-वृक्ष कटा कागज बना, कागज से अखबार। विज्ञापन उसमें छपा, पेड़ बचाओ यार। ने खूब वाह-वाही लूटी।

कार्यक्रम के अन्त में सुशील कुमार मिश्र द्वारा सभी के प्रति आभार प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर सर्वश्री राजेन्द्र सिंह, गणेश सिंह, राघवेन्द्र सिंह, धनेश्वर सिंह, डॉक्टर यज्ञ दत्त त्रिपाठी, यशवन्त सिंह, रामराज सिंह, विश्वानन्द पाठक, सुदामा सिंह, कृष्णकान्त गर्ग, राणा प्रताप सिंह, समरजीत सिंह, टी पी पाण्डेय, श्रीमती सरोज सिंह, श्रीमती निर्मला सिंह, के. दाहिया, बालेन्द्र सिंह, पुष्पराज सिंह, के पी सिंह, रमेश सिंह जाखी, शैलेन्द्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राकेश सोनी, गजेन्द्र सिंह, रामहित त्रिपाठी, उपेन्द्र सिंह, डॉ. यस एन यस पाल, लखनलाल अग्रवाल, पुष्पेन्द्र सिंह, रामकरण दाहिया, गौरव अवधिया, धर्मदेव सिंह, अरुण पयासी, प्रमोद अहिरवार, प्रगति सोनी, श्रीमती चन्द्रप्रभा श्रीवास्तव, डी पी सिंह, आजाद वतन वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।